न्यायालय उपखण्ड अधिकारी परबतसर (नागौर) राज.

पीठासीन अधिकारी :— शिवपाल जाट, आर.ए.एस.

प्रार्थीगण :— बनाम अप्रार्थीगण

1. असीन मोहम्मद पुत्र जान मोहम्मद लुहार
2. जरीना बेगम पुत्री जान मोहम्मद लुहार

तहसीलदार, परबतसर

प्रार्थना पत्र बाबत :— अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

मुकदमां नम्बर :— 2021/2013

आदेश दिनांक :— 24.03.2022

आदेश

प्रार्थी की आरे से प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि पीपलाद के खसरा नम्बर खसरा नम्बर 134/1 रकबा 1.0500 हैक्टयर में प्रार्थीगण के नाम यासीन तथा माया बानो दर्ज है जबकि प्रार्थीगण का वास्तविक नाम असीन मोहम्मद व जरीना बेगम है। प्रार्थीगण के अन्य सभी दस्तावेजात में प्रार्थीगण का नाम आसीन मोहम्मन व जरीना बेगम है। दस्तावेज एवं राजस्व रिकार्ड में नाम में भिन्नता होने से प्रार्थीगण को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का सही नाम दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का निवेदन किया है।

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर सम्बन्ध में अप्रार्थीगण एवं राजपैरोका तहसीलदार परबतसर ने इकबालिया जबाब / राजीनामा पेश कर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए प्रार्थीगण का सही नाम दर्ज किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है तो अप्रार्थीगण / राजपैरोकार तहसीलदार परबतसर को कोई आपत्ति नहीं होना स्वीकार किया है। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजात से भी प्रार्थीगण का सही नाम असीन मोहम्मद व जरीना बेगम .होना प्रतीत होता है। जिससे प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट स्वीकार किया जाकर तहसीलदार परबतसर को आदेश दिया जाता है कि ग्राम पीपलाद के खसरा नम्बर 134/1 रकबा 1.0500 हैक्टयर भूमि में दर्ज यासीन के स्थान पर असीन मोहम्मद एवं माया बानो के स्थान पर जरीना बेगम दर्ज किया जाकर रिकार्ड दुरुस्त किया जावे। तहसीलदार परबतसर को तहरीर जारी हो।

24/3/22

(शिवपाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
परबतसर

उपखण्ड अधिकारी
परबतसर (नागौर)